# राजस्थान सरकार
## निदेशालय पेंशन एवं पेशनर्स कल्याण,
## विद्युत मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर (राजस्थान) 302005

ईमेल – dir-pen-rj@nic.in दूरभाष न. 0141–2740538, 2741687
वेबसाईट :– pension.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ.12 (26)/कम्प्यू./आईएफपीएमएस/10/ दिनांक :

अतिरिक्त निदेशक
क्षेत्रीय कार्यालय (समस्त)
पेंशन एवं पेंशनर्स वैलफेयर विभाग
राजस्थान, जयपुर।

विषय :– IFMS 3.0 के अन्तर्गत अधिवार्षिकी (Superannuation) आयु प्राप्त कर सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों के संबंध में।

संदर्भ :– वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ.5(थ–75)डीटीए/IFMS 3.0/1112–1311 दिनांक 01.06.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत माह जून 2023 एवं उसके पश्चात सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के Superannuation प्रकरणों के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई नवीन प्रक्रिया के अन्तर्गत संबंधित कार्यालयाध्यक्ष से प्राप्त होने वाले पेंशन प्रकरणों में चूंकि समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाना है एवं तय समय सीमा के अन्तर्गत ही मेकर/चेकर एवं अप्रूवर स्तर पर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए पेंशन प्रकरणों का निस्तारण किया जाना है, अतः इसकी पालना सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि आपके कार्यालय में जो भी पेंशन प्रकरण IFPMS 2.0 के अन्तर्गत पूर्व में प्राप्त हो चुके हैं, उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि Daily Basis पर पेंडिंग प्रकरणों की संख्या शून्य रखी जा सकें एवं IFMS 3.0 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले सभी प्रकरणों का भी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जा सके। कृपया इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई प्रकरण किसी भी स्तर पर बिना जांच किए ऑटोमेशन से स्वतः अग्रेषित होकर अग्रिम स्तर पर नहीं जा सके, ताकि सभी प्रकरणों की जांच अच्छी तरह से की जा सके और भविष्य में इस संबंध में राज्य सरकार के विरूद्ध कोई अदेय भुगतान की जिम्मेदारी नहीं आए। किसी कार्मिक के स्तर से ऑटोमेशन से अधिक प्रकरण निस्तारित होना पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। परिपत्र के दिशा–निर्देशों के अनुसार कृपया अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारी/कार्मिक को मेकर/चेकर/अप्रूवर की भूमिका भी आवंटित किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(संजय सोलंकी)
निदेशक

क्रमांक :–एफ.12 (26)/कम्प्यू./आई.एफ.पी.एम.एस./10/27-U दिनांक : 12/06/2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. समस्त अनुभाग, कार्यालय हाजा, जयपुर, राजस्थान।

निदेशक

D:\GovindaPCBackUp 26-07-21\E_Drive\PENSION_WORK\Letter IFPMS New.docx